
आज़ादी का
अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 07.02.2022 से 12.02.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पंजाब चुनाव
(दिनांक 07.02.22)





**विषय: पंजाब चुनाव।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चंडीगढ़ स्थित BJP कार्यालय पहुँचकर अभिनेत्री माही गिल एवं पंजाबी फिल्मी जगत के प्रसिद्ध अभिनेता श्री हॉबी धालीवाल जी BJP परिवार में शामिल किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने दोनों ही लोगो का BJP में स्वागत करते हुए कहा कि दोनों ही न केवल पंजाब की बल्कि हिंदी फ़िल्म जगत की जानी मानी हस्ती है और आज उन्होंने प्रधानमंत्री जी की जनहितैशी नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी परिवार में शामिल होने का फैसला किया है इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूँ और BJP के अपने इस परिवार में उनका स्वागत करता हूं।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पंजाब की जनता अब बदलाव चाहती है और पंजाब में निष्चित रूप से BJP बेहतर प्रदर्शन कर जनहितैशी सरकार बनाएगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## सभी सचिवों के साथ बजट पूर्व चर्चा

(दिनांक 07.02.22)





**विषय: सभी सचिवों के साथ बजट पूर्व चर्चा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी प्रशासनिक सचिवों के साथ बजट से पूर्व बैठक कर उनसे सुझाव मांगे। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लोकतांत्रिक बजट बनाना सरकार का पहला प्रयास है। उसी के तहत सभी मंत्रियों व विभागों के प्रशासनिक सचिवों से बजट पूर्व लिए सुझाव लिए जा रहे है। जिससे प्रदेश में सबकी भागीदारी से सर्वांगीण विकास हो।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उन्होंने 3 वर्ष पहले एक नया प्रयोग किया था जिसके तहत सभी मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों तथा अन्य हित धारकों से बातचीत करके आम बजट तैयार करने की परंपरा शुरू की थी। पिछले 2 वर्ष में कोरोना महामारी की वजह से प्रत्यक्ष रूप से बैठक करके बजट पर सुझाव तो नहीं लिए जा सके लेकिन लिखित रूप से जरूर बजट के संदर्भ में सुझाव लिए गए। इसके साथ साथ महत्वपूर्ण सुझावों को हरियाणा के आम बजट में शामिल भी किया गया। सरकार के इन प्रयासों की प्रदेश भर में सराहना हुई। आज की बैठक इसी कड़ी में बजट पूर्व परामर्श के तौर पर आयोजित की गई, जिसमें सामने आए सुझावों को बजट 2022–23 में शामिल करने की कोशिश की जाएगी।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पैसे की कमी की वजह से किसी भी योजना को रुकने नहीं दिया जाएगा । प्रदेश का चहुंमुखी विकास करना उनकी सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नई योजनाओं को आम आदमी के लिए



# साप्ताहिक सूचना पत्र

बाधारहित व बेहतर तकनीक पर आधारित बनाया जाना चाहिए, ताकि ईज ऑफ लिविंग का कंसेप्ट चरितार्थ हो सके। मुख्यमंत्री जी ने प्रशासनिक अधिकारियों को किसानों, कृषि, पशुपालन, मछली पालन, सिंचाई, स्वास्थ्य, परिवहन समेत अन्य विभागों पर विशेष ध्यान देते हुए कल्याणकारी योजनाएं बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री जी ने पंचायत व शहरी स्थानीय निकाय विभाग को अलग से अपने हित धारकों की बैठक बुलाकर बजट पूर्व परामर्श करने और बेहतर से बेहतर सुझाव देने के निर्देश दिए। माननीय मुख्य जी के पास वित्तमंत्री का भी दायित्व है उसी के तहत उन्होंने यह पहल शुरू की जिसमें न केवल विभिन्न विभागों से सीधे संवाद करके उनसे बजट पर सुझाव लेना शामिल है बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों के साथ साथ विपक्ष के विधायकों से भी चर्चा कर बजट को प्रदेशहित में बेहतर बनाने और सभी वर्गों को सम्मिलित करने की सोच शामिल है।

## कैबिनेट की बैठक

(दिनांक 08.02.22)

**विषय: कैबिनेट की बैठक।**




**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हरियाणा कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई जिसमें कई अहम फैसले लिए गए। जिसके तहत 2 मार्च से हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र को शुरू करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में कुल 28 एजेंडे पेश किये गए।

इसके अलावा प्रदेश में ग्रुप सी और डी के पदों पर जल्द भर्तियां करने का निर्णय भी लिया गया।

इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने जानकारी दी कि कैबिनेट बैठक में 28 एजेंडा रखे गए थे। इसमें शाहाबाद चीनी मिल को 60 केएलपीडी एथेनॉल प्लॉट की स्थापना के लिए 8.92 करोड़ रुपये के ऋण को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ–साथ पंजाब डिस्टिलरी नियम 1932 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसके तहत अब प्रदेश की सभी डिस्टिलरी में फ्लो मीटर लगाए जाएंगे, जिससे उनमें बन रही शराब व स्प्रिट को काउंट किया जाएगा। इसकी मॉनिटरिंग लगातार सरकार द्वारा की जाएगी। केंद्र सरकार की तर्ज पर हरियाणा सरकार ने भी लॉ कमिशन की सिफारिश पर अनुपयोगी हो चुके 20 एक्ट को रिपीलिंग करने का निर्णय लिया है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में ग्रुप सी और डी के पदों पर जल्द भर्तियां की जाएंगी। सभी विभागों से 11 फरवरी तक ग्रुप सी और डी के पदों की आवश्यकता अनुसार डिमांड भेजने को कहा गया है। इसके बाद हरियाणा कर्मचारी



# साप्ताहिक सूचना पत्र

चयन आयोग को सूचित कर भर्तियों का विज्ञापन निकाला जाएगा और कॉमन एंट्रेंस टेंस्ट के लिए पोर्टल खोला जाएगा। अभी तक इस पोर्टल पर 8 लाख रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। जल्द इस प्रक्रिया को पूरा करके टेस्ट आयोजित किया जाएगा और भर्ती की जाएगी। ग्रुप डी के लिए एक टेस्ट आयोजित होगा जबकि ग्रुप सी की भर्ती के लिए दो टेस्ट होंगे।

इसके साथ ही अब 65 साल की आयु पूरी कर चुके नंबरदारों का मेडिकल चौकअप करवाने का भी निर्णय लिया गया।

इस बैठक में सबसे अहम फैसला जो लिया गया था वो यह है कि अब बुजुर्गों को अपनी पेंशन बनवाने के लिए ईधर उधर के धक्के नहीं खाने पड़ेंगे 60 वर्ष आयु पूरी करने पर उनकी पेंशन अपने आप उनके खाते में आ जाएगी। यह हरियाणा के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ।

इसके साथ ही धर्म परिवर्तन रोकने के लिए बिल लाने को भी कैबिनेट से मंजूरी प्रदान कर दी गई।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार लोगों को बेहतर सुविधा देने और उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है।हमारा लक्ष्य अंतिम पॉयदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने का है और हम निरंतर उसी दिशा में आगे बढ़ रहे है।

## पंडित नेकीराम महाविद्यालय रोहतक में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

(दिनांक 08.02.22)

**विषय: पंडित नेकीराम महाविद्यालय रोहतक में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन।**



**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी रोहतक स्थित पंडित नेकीराम शर्मा महाविद्यालय में अयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्षनी के अवलोकन समारोह में पहुँचे। इस अवसर पर उन्होंने भावुक होकर कहा कि वे स्वयं भी इसी महाविद्यालय के छात्र रहे है और उन्हें उनके विद्यार्थी जीवन के वो दिन याद आ रहे है जब वे यहाँ पढ़ते थे। आज इस महाविद्यालय में मुख्यातिथि के तौर पर पधारकर उन्हें खुशी हुई है। उन्होंने 50 वर्ष पूर्व की यादे ताजा करते हुए कहा कि उन्होंने वर्ष 1970 में इस महाविद्यालय में प्रवेश लिया था। विद्यार्थी के रूप में इसी प्रांगण में खेले और एनसीसी की परेड में भी भाग लिया था। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि जहां मैं कभी पढ़ा आज वहाँ मुख्यातिथि के रूप पर पहुँचा हूं। उन्होंने कहा कि इस



# साप्ताहिक सूचना पत्र

महाविद्यालय की शिक्षा व संस्कारों की वजह से ही शायद आज इस पद पर रहकर समाजसेवा कर रहे हैं ।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वे आज एक मुख्यमंत्री के रूप में नहीं बल्कि महाविद्यालय के पूर्व छात्र के रूप में यहाँ आए है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी को जीवन में विशेष कार्य का लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ना चाहिए।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, रोहतक के भवन के नवीनीकरण के लिए 78 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय के भवन को लोक निर्माण विभाग द्वारा कंडम घोषित किया गया है। सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाये गए हैं। गत 7 वर्ष के दौरान 68 नए राजकीय महाविद्यालय स्थापित किए गए हैं। जिनमें से ज्यादातर महिलाओं के महाविद्यालय है। सरकार का प्रयास है कि विद्यार्थियों को 10 किलोमीटर से दूर शिक्षा ग्रहण करने के लिए न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाएं विद्यार्थी को आगे बढने के लिए मार्गदर्शन करती है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे जीवन में विशेष कार्य करने का लक्ष्य बनाये। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वयं जीवन में विशेष कार्य करने का संकल्प लिया था और आज वे जनसेवा का कार्य कर रहे है।

## नगर निकायों को आत्मनिर्भर बनाने और बजट पूर्व चर्चा


(दिनांक 09.02.22)




**विषय: नगर निकायों को आत्मनिर्भर बनाने और बजट पूर्व चर्चा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी नगर निकायों के अधिकारियों के साथ बैठक कर उनसे निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और हरियाणा के लिए आने वाले बजट पर चर्चा कर उनसे सुझाव लिए।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश के सभी शहरों को नया स्वरूप देने के लिए योजना तैयार की



# साप्ताहिक सूचना पत्र

जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय का बजट इस बार 7 प्रतिशत होगा और 2 प्रतिशत बजट का प्रावधान अलग से कम आय वाली स्थानीय निकायों के लिए भी किया जाएगा। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के सभी शहरों को नया स्वरूप मिले और राज्य सरकार की ओर से इन्हें हर प्रकार से मदद की जाएगी।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि संविधान के 74वें संषोधन के तहत शहरी स्थानीय निकायों को 18 प्रकार के कार्य करने के अधिकार दिए गए हैं। प्रदेश में अभी इन निकायों को और मजबूत बनाए जा रहा है। सभी नगर निगम, नगर परिषद व नगर पालिकाएं स्थानीय स्तर पर 15 मार्च से 31 मार्च तक अपना बजट बना लें और इसे मुख्यालय भिजवा दें। बजट में प्रस्तावित आय को अंदाजन न बनाकर वास्तविक आय के अनुसार बनाएं। अपनी आय बढ़ाने के नए स्रोत तैयार करें। निकायों की ओर से जनता को दी जाने वाली सर्विसिज बेहतर बनाएं। उन्होंने कहा कि जो योजनाएं अधिक सक्रिय नहीं है, उन्हें दूसरी योजनाओं के साथ मर्ज किया जाए।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जल्द ही प्रदेश की 1200 से अधिक अवैध कॉलोनियों को भी नियमित किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारी हमारी सरकार समाधान की सरकार है और हम जनता को कोई तकलीफ़ नहीं आने देंगे।


## औद्योगिक ईकाइयों के प्रमुखों के साथ बजट पूर्व चर्चा

(दिनांक 09.02.22)



**विषय: औद्योगिक ईकाइयों के प्रमुखों के साथ बजट पूर्व चर्चा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने आने वाले बजट के संबंध में हरियाणा में कार्य कर रहे विभिन्न उद्योगपतियों से बजट को लेकर चर्चा की और उनसे सुझाव मांगे। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उद्योगों को प्रगति



# साप्ताहिक सूचना पत्र

के रास्ते पर ले जाना सरकार का मुख्य लक्ष्य है। प्रदेश के उद्योगों को प्रगति के रास्ते पर लेकर इससे ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और प्रदेश भी प्रगति की ओर बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज उद्योगों में स्किल्ड युवाओं की जरुरत है, हरियाणा सरकार युवाओं की स्किलिंग पर विशेष तौर पर ध्यान दे रही है। इसके साथ–साथ औद्योगिक क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर, बिजली व अन्य सुविधाओं पर भी जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योगों में हरियाणा के नौजवानों को नौकरियां मिलेंगी तो उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और प्रदेश का भी विकास होगा।


इस बैठक के दौरान डॉ. नरेश त्रेहन, सीआईआई से रमन सलूजा, एसोचैम से विजय शर्मा, फरीदाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन से बीआर भाटिया, पीएचडीसीसीआई से मोहित जैन, एफआईए से भावुक मेहता, एसएमई इंडिया से राजीव चावला व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने आगामी बजट के संदर्भ में अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। मुख्यमंत्री ने इन्हें ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि उनके इन विचारों को बजट में शामिल करने की पूरी कोशिश की जाएगी।

## सुशासन सहयोगियों के साथ बैठक
(दिनांक 10.02.22)




**विषय: सुशासन सहयोगियों के साथ बैठक।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज अपने सुशासन सहयोगियों के साथ बैठक कर उनसे विभिन्न योजनाओं और सरकार द्वारा दी जा रही सेवाओ की जानकारी ली और उसमें आ रही कमियों को दूर करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश भी दिए। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र से आने वाले समय में न केवल योजनाओं का किर्यान्वयन आसन होगा बल्कि लोगो को योजनाओं का लाभ दिलवाने में भी मदद मिलेगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी जे कहा कि वह हर उम्र के हिसाब से व्यक्तियों की जरूरत और उन्हें सरकार से मिलने वाली सुविधाओं और योजनाओं के आधार पर ग्रुप बनाएँगे। और उस उम्र के सभी व्यक्तियों को जीन सुविधाओं और सेवाओं की जरूरत होगी सरकार उन्हें उसी के तहत योजनाएँ बनाकर प्रदान करेगी। जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने से छूटेगा नहीं और साथ ही हमारा अंत्योदय का लक्ष्य भी पूरा होगा और सुशासन तभी साकार होगा जब अंतिम पायदान पर खड़े नागरिकों की समस्याओं का समाधान होगा।

इसके अलावा माननीय मुख्यमंत्री जी ने नए हरियाणा के विज़न को भी साझा किया और उसे पूरा करने के लिए योजनाओं और सेवाओं में परिवर्तन को महत्वपूर्ण बताया।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने CMGGA के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इसी दृष्टिकोण के साथ, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी (सीएमजीजीए) कार्यक्रम पांच वर्षों से जमीनी स्तर पर सार्थक परिणाम प्रदान कर रहा है। वर्तमान में अपने छठे वर्ष में कार्य कर रहे सीएमजीजीए ने नागरिकों के सामने आने वाली चुनौतियों, मुद्दों के समाधान और वास्तविक परिणामों के लिए प्रक्रियाओं को बदलने के लिए कई अहम सिफारिशें की है।

बैठक में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, मॉडल संस्कृति स्कूल, सुपर 100, मेरी फसल मेरा ब्योरा, ग्राम दर्शन और जनसहायक जैसे कई फ्लैगशिप कार्यक्रमों के संबंध में जमीनीस्तर पर पाई गई चुनौतियों व अनुभवों को प्रस्तुत किया गया।

मुख्यमंत्री जी ने विभागों के अधिकारियों को योजनाओं व सेवाओं में इन सुझावों को शामिल करने के भी निर्देष दिए ताकि इन्हें और अधिक मजबूत बनाया जा सके जिससे अंतिम छोर तक सरकार की पहुंच सुनिष्चित करने में कोई कसर न रहे। यह एक दिवसीय बैठक कई मायनों में सकारात्मक रही और राज्य में उत्पन्न होने वाले मुद्दों को हल करने के लिए आवष्यक संषोधनों के संबंध में निर्णय लिये गए, जिससे बड़े पैमाने पर नागरिकों को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सीएमजीजीए मॉडल देश में एक अद्वितीय सफल कार्यक्रम के रूप में उभरा है और इससे हरियाणा को लाभ हुआ है। हमारा लक्ष्य हरियाणा में हर नागरिक की सेवा सुनिष्चित करना है, जिसमें अंतिम व्यक्ति का उदय शीर्ष पर है।

मुख्यमंत्री जी ने अपने सभी सुशासन सहयोगियों को ईज़ ऑफ लिविंग पर काम करने के लिए कहा जिससे हम हरियाणा के हर नागरिक के जीवन को कैसे बेहतर बना सके और वह बिना किसी तकलीफ़ और दुःख के खुशी से अपना जीवनयापन कर सके यह सुनिष्चित किया जा सके और इसे सुनिष्चित करना केवल हमारा काम ही नहीं बल्कि हमारा दायित्व भी है।